RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 106 | SUNDAY DATE 10-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

**गुस्ताखी माफ**

सारे अपने यार हैं, दिया सभी को बोल।
अपने किसी जहाज पर, नहीं लगेगा टोल।
नहीं लगेगा टोल, वहां कुछ भी हो भैया।
होर्मूज से पार, लगेगी अपनी नैया।
कह साहिल कविराय, हो रहे वारे-न्यारे।
अमरीका-ईरान, यार हैं अपने सारे।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें

### पेट्रोल और डीजल के 15 मई से पहले बढ़ सकते हैं दाम!

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।** युद्ध की वजह से कच्चे तेल की कीमतें सातवें आसमान पर हैं। इसके बाद भी सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में घरेलू स्तर पर कोई इजाफा नहीं किया है, लेकिन आने वाले एक हफ्ते में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। बता दें, ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध की वजह से कच्चे तेल का रेट 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15 मई से पहले इजाफा होगा। कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी की वजह से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को हर एक महीने 30,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। बता दें युद्ध की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रभावित हुआ है।

### पश्चिम बंगाल में विकास और सुशासन का नया दौर : नितिन नवीन

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस बार इतिहास रचा गया है। विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी राज्य की सत्ता संभालने जा रही है। भाजपा ने 207 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 15 साल लंबे शासन का अंत कर दिया है। और अब पश्चिम बंगाल में भाजपा शनिवार को सरकार बनाने जा रही है। इस बड़ी जीत के बाद पार्टी नेताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर करते हुए इसे 'भरोसे का नया सवेरा' बताया।

## दिल्ली सरकार ने सेंट्रल रिज क्षेत्र के 673.32 हेक्टेयर हिस्से को घोषित किया आरक्षित वन

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।**



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सेंट्रल रिज क्षेत्र के 673.32 हेक्टेयर हिस्से को 'आरक्षित वन' घोषित कर दिया है। भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 20 के तहत जारी इस अधिसूचना के बाद राजधानी के इस महत्वपूर्ण पारिस्थितिक क्षेत्र को कानूनी सुरक्षा मिल गई है। इस क्षेत्र में सरदार पटेल मार्ग और राष्ट्रपति भवन के आसपास के हिस्से शामिल हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह फैसला दिल्ली की प्राकृतिक विरासत, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि रिज क्षेत्रों को कानूनी संरक्षण देने की प्रक्रिया कई दशकों से लंबित थी, जिसे अब उनकी सरकार ने पूरा किया है। हमारी सरकार पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण के विस्तार और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि दिल्ली रिज अरावली पर्वतमाला का विस्तार है और इसे राजधानी के 'ग्रीन लंग्स' यानी हरे फेफड़ों के रूप में जाना जाता है। यह क्षेत्र वायु गुणवत्ता सुधारने, भूजल स्तर बनाए रखने, जैव विविधता को संरक्षित करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1994 में दिल्ली के पांचों रिज क्षेत्रों को पहली बार भारतीय वन अधिनियम की धारा 4 के तहत अधिसूचित किया गया था, लेकिन उन्हें अंतिम कानूनी सुरक्षा नहीं मिल पाई थी। पिछले वर्ष दक्षिणी रिज के 4080.82 हेक्टेयर क्षेत्र को 'आरक्षित वन' घोषित किया गया था और अब सेंट्रल रिज के 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को यह दर्जा दिया गया है।

## सुवेंदु सरकार में दिखा 'सबका प्रतिनिधित्व', समाज के सभी वर्गों को दिया संदेश



**» कोलकाता, यूटर्न/ 09 मई।**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार केवल सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं है बल्कि यह सामाजिक और जातीय संतुलन की एक नई राजनीतिक रणनीति का भी संकेत मानी जा रही है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार में अलग-अलग जातीय और सामाजिक समूहों को प्रतिनिधित्व देकर पार्टी ने साफ संदेश देने की कोशिश की है कि उसका लक्ष्य केवल राजनीतिक जीत नहीं बल्कि व्यापक सामाजिक स्वीकार्यता भी है। नई कैबिनेट की संरचना पर नजर डालें तो इसमें पश्चिम बंगाल के कई प्रभावशाली सामाजिक वर्गों को जगह मिली है। खुद सुवेंदु अधिकारी ब्राह्मण समुदाय से आते हैं जबकि दिलीप घोष ओबीसी चेहरे के रूप में लंबे समय से भाजपा की राजनीति का अहम हिस्सा रहे हैं।

अग्निमित्रा पॉल कायस्थ समाज का प्रतिनिधित्व करती हैं। वहीं अशोक कीर्तनिया को मंत्री बनाकर भाजपा ने मतुआ समुदाय को बड़ा संदेश दिया है, जो राज्य की राजनीति में निर्णायक प्रभाव रखता है। इसके अलावा, खुदीराम टुडू के जरिए आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व दिया गया है जबकि निसिथ प्रामाणिक राजबंशी समुदाय का बड़ा चेहरा माने जाते हैं। उत्तर बंगाल की राजनीति में राजबंशी वोट बैंक बेहद अहम माना जाता है और भाजपा लंबे समय से इस सामाजिक समीकरण पर काम करती रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने बंगाल में वही सामाजिक मॉडल अपनाने की कोशिश की है जो उसने उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में अपनाया था। यानी अलग-अलग जातीय समूहों को सत्ता में भागीदारी देकर व्यापक सामाजिक गठबंधन तैयार करना।

इस पूरी रणनीति में नितिन नवीन की भूमिका भी चर्चा में रही। चुनाव से पहले भाजपा ने उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर संगठनात्मक स्तर पर बड़ा संदेश दिया था। बिहार की राजनीति से आने वाले नितिन नवीन को भाजपा ने ऐसे चेहरे के रूप में आगे बढ़ाया, जो पूर्वी भारत की सामाजिक संरचना और जातीय समीकरणों को बेहतर तरीके से समझते हैं।

पश्चिम बंगाल चुनाव में नितिन नवीन ने तृणमूल सरकार पर भ्रष्टाचार, वसूली (कटमनी) और घुसपैठ को बढ़ावा देने के मुद्दे प्रमुखता से उठाए। उन्होंने सिलीगुड़ी में ट्रेड, कॉमर्स और बिजनेस प्रोफेशनल्स के साथ संवाद किया और 'सोनार बांग्ला' के निर्माण का भाजपा का एजेंडा पेश किया। उन्होंने उत्तरी कोलकाता के बारानगर में रोड शो किया और भद्रलोक (मध्यम वर्ग) को मतदान केंद्रों तक जाने के लिए प्रेरित किया। ध्यान देने वाली बात यह है कि 20 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद 90 दिनों के भीतर नितिन नवीन के नेतृत्व में बंगाल और असम में भाजपा को बड़ी जीत मिली है।



## सीएम की शपथ लेने के बाद योगी ने शुभेंदु को पहनाया भगवा गमछा

**कोलकाता, यूटर्न/ 09 मई।** बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के सीएम पद की शपथ ली। शनिवार को शपथ ग्रहण के बाद जब शुभेंदु सभी नेताओं से मुलाकात कर रहे थे, तब यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपना गमछा उतारकर उन्हें पहना दिया। योगी की ओर से दिया गया यह भगवा गमछा एक खास तोहफा माना जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कोलकाता स्थित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में किया गया था। इस समारोह में पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कई बीजेपी राज्यों के सीएम शामिल हुए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुभेंदु अधिकारी ने सीएम पद की शपथ लेने के बाद पीएम मोदी के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने उन्हें गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। शुभेंदु ने मंच पर मौजूद सभी नेताओं से एक-एक कर मुलाकात की और सभी ने उन्हें बधाई दी। वहीं, जब वह योगी आदित्यनाथ के पास पहुंचे, तो योगी ने अपना गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। बता दें बंगाल की राजनीति में शुभेंदु अधिकारी एक बेहद दिलचस्प और चर्चित नाम हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह उनका राजनीतिक सफर है, जिसकी शुरूआत नंदीग्राम से हुई थी। शुभेंदु अधिकारी पहले कांग्रेस में थे, फिर टीएमसी में आए और उसके बाद बीजेपी में शामिल हो गए। इस सफर के साथ आज वो पश्चिम बंगाल के सीएम पद तक पहुंच गए हैं।

## पंजाब को निशाना बना रही मोदी सरकार : अरविंद केजरीवाल

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।**



आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार में जांच एजेंसियां दूसरी पार्टियों को तोड़ने, उनके नेताओं को डराने-धमकाने और उन्हें भारतीय जनता पार्टी) भाजपा में शामिल कराने का काम करती हैं। श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब सरकार में मंत्री संजीव अरोड़ा के घर पर ईडी की रेड चल रही है। ईडी का काम है कि देश के अंदर अगर कहीं धन शोधन हो रहा है, तो उसको रोकना और उसकी जांच करना ट अगर इस मकसद से ईडी अपनी कार्रवाई करे, तो हमें कोई परेशानी नहीं है। लेकिन जब से इस देश के अंदर मोदी जी राज आया है, सीबीआई भ्रष्टाचार को रोकने के लिए काम नहीं करती और न ईडी धन शोधन रोकने के लिए काम करती है।

वे सिर्फ और सिर्फ दूसरी पार्टियों को तोड़ने, उनके नेताओं को डराने-धमकाने और उन्हें भाजपा में शामिल कराने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि संजीव अरोड़ा के घर पर ईडी कोई धन शोधन की जांच करने नहीं आई है। उनके यहां पिछले एक महीने के अंदर ईडी की यह दूसरी रेड है।

## बेरोजगारी सबसे बड़ी बीमारी, भाजपा के पास इसका जवाब लाठी है: राहुल गांधी

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पटना में शिक्षक भर्ती परीक्षा की मांग करने वाले युवाओं पर लाठीचार्ज किए जाने को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है, लेकिन भाजपा युवाओं को इसका जवाब लाठी से देती है। उन्होंने यह दावा भी किया कि युवा भाजपा के झूठ से तंग आ चुके हैं और वे अब चुप नहीं बैठेंगे। बिहार की राजधानी पटना में शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-4) की मांग कर रहे युवाओं पर पुलिस ने शुक्रवार को लाठीचार्ज किया था। प्रदर्शनकारी इस परीक्षा के लिए रिक्तियों का विज्ञापन तत्काल जारी करने मांग कर रहे थे।

गांधी ने 'एक्स' पर कहा, ''पटना में कल अपने रोजगार का हक मांगते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को बिहार पुलिस ने बेरहमी से पीटा, फिर से (ऐसा किया गया)।) उन्होंने दावा किया कि बेरोजगार युवाओं को भाजपा का जवाब लाठी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''भारत में आज सबसे बड़ी बीमारी बेरोजगारी है और इसकी सबसे भयंकर मार बिहार तथा उत्तर प्रदेश के युवाओं पर पड़ रही है। लाखों युवा डिग्री और काबिलियत हाथ में लेकर दर-दर भटक रहे हैं। मगर भाजपा की सरकार को न इनकी परवाह है, न आपकी।'' उन्होंने कहा कि जब युवा सड़कों पर उतरकर अपना हक मांगते हैं, उनके हाथ में रोजगार नहीं, उन पर लाठियां भांजी जाती हैं।

## ईडी ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को किया गिरफ्तार



**चंडीगढ़, यूटर्न/ 09 मई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के प्रभावशाली कैबिनेट मंत्रियों में से एक संजीव अरोड़ा को यहां सेक्टर-2 स्थित उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई ईडी द्वारा वर्ष 2002 के पीएमएलए के तहत संजीव अरोड़ा के आवासों और कार्यालयों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाने के बाद की गई। हालांकि, उनकी गिरफ्तारी को लेकर ईडी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने दावा किया कि संजीव अरोड़ा को कथित जीएसटी धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया गया है। शनिवार सुबह से ही ईडी संजीव अरोड़ा से जुड़े चार ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और एक वर्ष में यह तीसरी रेड है।

# दिल्ली की जल-संपदाओं के लिए एलजी ने की बैठक, 90 दिनों में 77 जल-निकायों का कायाकल्प करने का दिया आदेश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।



दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी में गर्मियों की शुरूआत के साथ जल-संपदाओं के संरक्षण और पुनरुद्धार को लेकर बड़ी पहल की घोषणा की है। उन्होंने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तय समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि दिल्ली की अनमोल लेकिन तेजी से खराब हो रही जल-संपदाओं के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि डीडीए तत्काल 77 जल-निकायों के पुनरुद्धार का कार्य शुरू करेगा। इनमें से 6 जल-निकायों का जीर्णोद्धार अगले 30 दिनों के भीतर, 48 का कार्य 60 दिनों में और शेष 23 जल-निकायों का काम 90 दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजधानी में जल संरक्षण को मजबूत करना बेहद जरूरी है, खासकर ऐसे समय में जब दिल्ली जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को तेजी से लागू किया जाए और तय समयसीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान दिल्ली के विकास से जुड़ी अन्य प्रमुख परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई।

खास तौर पर द्वारका, रोहिणी और नरेला उप-शहरों के व्यापक विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को इन क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी लाने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि इससे पहले हीट वेव एक्शन प्लान को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि सरकार हर स्तर पर पूरी तैयारी के साथ काम कर रही है।

सभी विभागों को भी इस मसले पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को कम परेशानी हो। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों को राहत देते हुए कहा कि श्रम विभाग के माध्यम से सभी नियोक्ताओं को निर्देश दिया गया है कि दोपहर में कुछ घंटे श्रमिकों को आराम दिया जाए और उन्हें धूप में काम न करना पड़े। साथ ही, उनके लिए पानी, छांव और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करना भी नियोक्ताओं की जिम्मेदारी होगी।

# पुर्तगाल से भारत लाया गया गैंगस्टर अभय राणा

## हरियाणा पुलिस को थी लंबे समय से तलाश

नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई। सीबीआई ने विदेश और गृह मंत्रालय की मदद से गैंगस्टर अभय उर्फ अभय राणा को पुर्तगाल से भारत वापस लाने में सफलता पा ली है। हरियाणा पुलिस को कई गंभीर मामलों में उसकी तलाश थी। अभय राणा हरियाणा में दर्ज कई आपराधिक मामलों में वांछित था। इन मामलों में रंगदारी, आपराधिक धमकी, संगठित अपराध सिंडिकेट का संचालन, हत्या का प्रयास और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।



करनाल जिले में दर्ज मामले की जांच में सामने आया कि आरोपी और उसके सहयोगी वॉट्सएप कॉल सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय व्यापारियों को फिरौती के लिए धमकाते थे। जो लोग उनकी मांगें पूरी नहीं करते थे, उन पर गिरोह के सदस्यों द्वारा हमला किया जाता था। जांच पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ संबंधित अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई। नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (एनसीबी-नई दिल्ली) ने हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर इंटरपोल चैनलों के माध्यम से आरोपी अभय के खिलाफ रेडकार्नर नोटिस जारी कराया।

## पालिका अध्यक्ष ने कराए पांच करोड़ के काम शुरू

लोनी, यूटर्न/ 09 मई। नगर पालिका परिषद के वार्ड चार और 29 में पांच करोड़ रुपये के विकास कार्यों का निर्माण कार्य चेयरपर्सन रंजीता धामा ने नारियल फोड़ कर शुरू कराया। इस दौरान कॉलोनी के लोग मौजूद रहे। पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने बताया कि वार्ड नंबर चार की न्यू विकास नगर कॉलोनी और वार्ड नंबर 29 की रामपार्क विस्तार, सुधीर एनक्लेव, रॉयल सिटी कॉलोनी में निर्माण कार्य शुरू कराए गए हैं। कॉलोनी में 5.34 करोड़ रुपये की लागत से इंटरलाकिंग टाइल्स व आरसीसी नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इससे लोगों के आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही जल भराव से मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर नरेश शर्मा, आदिल, गुलफाम, हरेंद्र पटवाल, संजीव दीक्षित, कुलदीप गोसाई, राजेश्वर, अंकित ढाका, राहुल मलिक, संतोष चौहान, संजय शर्मा, दीपक भाटी, गुरनाम कौर, पूजा व पुष्पा समेत काफी लोग मौजूद रहे।

## चार्जिंग में लगी स्कूटी से निकला धुआं देख लोग घबराए

इंदिरापुरम, यूटर्न/ 09 मई। नीति खंड दो में चार्जिंग के दौरान ईवी-स्कूटी से अचानक धुआं निकला और आग लग गई। इसे देख परिवार के लोग घबरा गए और घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल टीम ने आग पर सामान्य रूप से काबू पा लिया। नीति खंड दो निवासी रितेश कुमार ने बताया कि घर की गैलरी में ईवी-स्कूटी को चार्जिंग के लिए लगाया था। शाम करीब चार बजे स्कूटी से अचानक धुआं निकला और फिर आग लग गई। पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। अग्निशमन की दो गाड़ियां पहुंची, लेकिन आग पर सामान्य रूप से काबू पा लिया।

## नेशनल लोक अदालत में 29808 मुकदमों में से 26997 मुकदमों का किया निपटान



पानीपत, यूटर्न/ 09 मई। माननीय न्यायमूर्ति श्री दीपक सिबल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला तथा श्री जगदीप सिंह, माननीय सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और सुश्री वानी गोपाल शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन में शनिवार को अधिनिर्णय की पूरी प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के बेंच में श्री आर के मेहता, माननीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री राजेंद्र पाल सिंह, माननीय प्रिंसिपल न्यायाधीश पारिवारिक कोर्ट, श्री महेंद्र सिंह, माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, डॉ तरुण कुमार वर्मा, माननीय, माननीय सिविल जज (जूनियर डिविजन), श्री आदित्य जैन, माननीय सिविल जज (जूनियर डिविजन), लंबित मामलों के साथ-साथ पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का भी गठन किया गया जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं, उपभोगता कमीशन के केस भी शामिल हैं और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल है।

## हरित संपदा को संरक्षित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : रेखा गुप्ता



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी की हरित संपदा को संरक्षित करने और पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। श्रीमती गुप्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के अनुसार सरकार पहले ही निर्णय ले चुकी है कि आरक्षित वन घोषित किए गए रिज क्षेत्रों में जहां भी उपयुक्त और खाली भूमि उपलब्ध होगी, वहां बड़े स्तर पर देसी एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रजातियों के वृक्ष लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 20 के तहत सेंट्रल रिज क्षेत्र के लगभग 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित कर दिया है। यह क्षेत्र वन विभाग के पश्चिमी वन प्रभाग के अधीन है। आरक्षित वन क्षेत्र सरदार पटेल मार्ग तथा राष्ट्रपति भवन एस्टेट के आसपास के हिस्सों से जुड़ा हुआ है। दिल्ली सरकार का यह निर्णय राजधानी की प्राकृतिक विरासत, जैव विविधता और पर्यावरणीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील रिज क्षेत्रों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने का विषय कई दशकों से लंबित था। हमारी सरकार ने प्रतिबद्धता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ सेंट्रल रिज क्षेत्र के लगभग 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित किया है।

यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित व संतुलित भविष्य सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी की हरित संपदा को संरक्षित करने और पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## माखनलाल सरकार ने अपना पूरा जीवन भाजपा के लिए समर्पित किया : मोदी

» कोलकाता, यूटर्न/ 09 मई।



भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खासियत है कि वे कभी भी अपने कार्यकर्ताओं के योगदान को नहीं भूलते हैं। कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से ही पार्टी बनती है और संगठन में उनकी अहम भूमिका होती है। उन्होंने कार्यकर्ता से सफर की शुरूआत की और पीएम बनने तक का रास्ता तय किया। कुछ ऐसा ही नजारा शनिवार को कोलकाता में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण के दौरान देखने को मिला जब भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के साथ पीएम मोदी रूबरू हुए। पीएम मोदी ने उनके पैर छूए और स्नेह सहित गले लगाया। पीएम मोदी अपने कार्यकर्ताओं के योगदान को नहीं भूलते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मारे गए भाजपा कार्यकर्ता देबाशीष मंडल, सौमित्र घोषाल और आनंद पॉल के परिवारों से मुलाकात की।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार ने शपथ ली है तो हम सभी के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद करना स्वाभाविक है। उनके विजन को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने लिखा कि कोलकाता में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मुझे माखनलाल सरकार से मिलने का अवसर मिला। एक कट्टर राष्ट्रवादी के तौर पर उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ काम किया और उनके साथ रहते हुए जम्मू-कश्मीर में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन हमारी पार्टी को समर्पित कर दिया; उन्होंने पूरे पश्चिम बंगाल में पार्टी का आधार बढ़ाया और जीवन के हर क्षेत्र से लोगों को पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। भाजपा में हम इस बात पर गर्व महसूस करते हैं कि हमारे पास ऐसी प्रेरणादायक हस्तियां हैं, जिन्होंने लोगों के बीच रहकर काम किया और पार्टी को मजबूत बनाया।

## आप के उगाही तंत्र के सरगना हैं केजरीवालः सचदेवा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।

दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आम आदमी पार्टी (आप) के उगाही तंत्र का सरगना बताया है। श्री सचदेवा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए आप के पंजाब के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापे को लेकर श्री केजरीवाल के बयान की निंदा की।

उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन का आयोजन कर ईडी के छापे को राजनीतिक साजिश करार दिया है।

उन्होंने कहा कि संवाददाता सम्मेलन के दौरान श्री केजरीवाल के चेहरे की हवाईयां उड़ रही थी और साफ तौर पर दिखा रहा था कि वह जान रहे हैं कि यह ईडी की जांच श्री अरोड़ा से होते हुए उन तक



भी पहुंचेगी, क्योंकि इस सारे उगाही तंत्र के सरगना तो खुद श्री केजरीवाल ही प्रतीत होते हैं।

उन्होंने कहा कि आज जिस तरह पंजाब में मंत्री अरोड़ा हवाला कारोबार के मामले में गिरफ्तार हुए हैं, यह बिल्कुल वैसे है जिस तरह दिल्ली ने दस साल भ्रष्टाचार की सरकार झेली जिसमें मुख्य मंत्री, उप मुख्य मंत्री, सांसद शराब घोटाले में जेल गये। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विगत चार साल से पंजाब श्री केजरीवाल की लूट का केन्द्र बना हुआ है और जिस तरह दिल्ली में ह्रआपह्र सरकार ने शराब ठेकेदारों से मिल कर हजारों करोड़ का घोटाला किया था, ठीक उसी तरह पंजाब में बड़े बिल्डरों को भूमि उपयोग बदलने की छूट से लेकर मंजिल क्षेत्रफल अनुपात (एफएआर) तथा प्लाट काटने की छूट देकर हजारों करोड़ की लूट का खेल चल रहा है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में अभी दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री के एक नजदीकी के यहां ईडी ने छापा मारा था और उस वक्त हवा में लाखों रुपये उड़ते देखे गये थे।

श्री सचदेवा ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार होने वाले श्री अरोड़ा पंजाब के पहले मंत्री नहीं इससे पूर्व ह्रआपह्र मंत्री डॉ. संजीव सिंगला, फौजा सिंह सिरारी तथा ह्रआपह्र विधायक रमन अरोड़ा भी भ्रष्टाचार में गिरफ्तार हो चुके हैं।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में आगः बड़ा हादसा टला, सुरक्षा पर उठे सवाल

» जयपुर, यूटर्न/ 09 मई।

राजस्थान सरकार के शासन सचिवालय परिसर में शनिवार दोपहर तब हड़कंप मच गया जब सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) के न्यूज सेक्शन में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार देख परिसर में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी और दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। डीआईपीआर के उच्चाधिकारियों ने न्यूज सेक्शन का जायजा लिया है और अब नुकसान का आकलन किया जा रहा है, जिसमें कंप्यूटर, तकनीकी उपकरण और महत्वपूर्ण दस्तावेजों के जलने की आशंका है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# *अधिक नमक का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : डॉ. अनेजा

» परमिंदर सिंह




कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 09 मई। सीनियर फिजिशियन एवं डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. अनेजा का कहना है कि नमक हमारे भोजन का जरूरी हिस्सा है और यह स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ शरीर में तरल संतुलन बनाए रखने में भी मदद करता है। लेकिन जब नमक का सेवन जरूरत से ज्यादा हो जाता है, तो यह धीरे-धीरे कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।आजकल की लाइफस्टाइल में प्रोसेस्ड फूड, पैकेट स्नैक्स, फास्ट फूड और बाहर का खाना ज्यादा खाने से नमक का सेवन अनजाने में बढ़ जाता है। कई लोगों को यह पता भी नहीं चलता कि वे प्रतिदिन सुरक्षित मात्रा से अधिक नमक ले रहे हैं। अधिक नमक (सोडियम) का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है, जो हमारे शरीर में उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी खराब होने का मुख्य कारण बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के अनुसार, प्रतिदिन 5 ग्राम (एक छोटी चम्मच) से अधिक नमक नहीं खाना चाहिए। ज्यादा नमक से सेवन से प्यास, सूजन, सिरदर्द और थकान जैसे लक्षण हो सकते हैं। अधिक नमक के हानिकारक प्रभाव में है जैसे कि उच्च रक्तचाप (ऌं इढ), नमक शरीर में पानी जमा करता है, जिससे रक्त वाहिकाओं पर दबाव बढ़ता है और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। अधिक नमक का सेवन हृदय रोग और स्ट्रोक का कारण बन सकता है, लगातार अधिक नमक खाने से दिल की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं, जिससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है। ज्यादा नमक के सेवन से किडनी को शरीर से अतिरिक्त सोडियम निकालने के लिए दोगुनी मेहनत करनी पड़ती है, जिससे किडनी फेलियर की समस्या हो सकती है और कैल्शियम की कमी का कारण भी बन सकता है जिससे कि यह हमारे शरीर की हड्डियों की ताकत को कम कर सकता है। अधिक नमक के तुरंत प्रभाव में पेट फूलना और बहुत ज्यादा प्यास लगना शामिल है। अंत में डॉ. अनेजा ने बताया कि पैकेटबंद भोजन, फास्ट फूड और अचार में छिपा हुआ नमक बहुत ज्यादा होता है, इसलिए इनका सेवन कम करें और प्रतिदिन 5 ग्राम से कम नमक का सेवन करें। धीरे-धीरे मात्रा कम करें, अचानक नमक कम करने से स्वाद फीका लग सकता है और पैकेट फूड कम करें, लेबल पढ़ें और कम सोडियम वाले उत्पाद चुनें।बच्चों को भी ज्यादा नमक देने से भविष्य में हाई इढ का जोखिम बढ़ सकता है, बच्चों को कम नमक और प्राकृतिक भोजन देना बेहतर है।



## मुफ्त टीकाकरण अभियानः 11 मई से 11 जून तक खुरपका-मुंहपका और गलघोटू के लगेंगे टीके : डीसी

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 09 मई। हरियाणा सरकार द्वारा पशुधन को खतरनाक बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से 11 मई से 11 जून तक पूरे जिले में खुरपका -मुंहपका एवं गलघोटू संयुक्त टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले में 30 टीमें 2 लाख 13 हजार के लक्ष्य को हासिल करेंगी। इस अभियान के तहत 4 महीने से अधिक आयु के सभी गौवंश और भैंसों का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर पशुपालकों के घरों तक यह सुविधा उपलब्ध कराएंगी।

उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने इस अभियान को पशुपालकों और किसानों के हित में बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और पशुओं का स्वस्थ रहना किसान की आर्थिक मजबूती से सीधे जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि खुरपका-मुंहपका और गलघोटू जैसी बीमारियां पशुओं में तेजी से फैलती हैं, जिससे दूध उत्पादन कम होता है, पशु कमजोर हो जाते हैं और कई बार पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल बीमारी का इलाज करना नहीं, बल्कि समय रहते रोकथाम सुनिश्चित करना है। यही कारण है कि सरकार द्वारा यह विशेष टीकाकरण अभियान पूरी तरह निःशुल्क चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशुओं का नियमित टीकाकरण न केवल उनकी जान बचाता है, बल्कि किसानों की आय और डेयरी व्यवसाय को भी सुरक्षित बनाता है। उपायुक्त डॉ. दहिया ने पशुपालकों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे टीकाकरण टीमों का पूरा सहयोग करें और अपने सभी पात्र पशुओं को अनिवार्य रूप से टीका लगवाएं।

## श्री श्री रविशंकर जी के 70वें अवतरण दिवस पर भव्य भजन संध्या 13 मई को

» कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 09 मई।

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन, कुरुक्षेत्र की ओर से परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के 70वें अवतरण दिवस के पावन अवसर पर भक्ति एवं आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न गायक सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति देंगे ' कार्यक्रम को लेकर बहुत सी तैयारियां की जा रहीं हैं ' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित एक बैठक में सुदर्शन अग्रवाल, सुनीता भारद्वाज, विमल गर्ग, ज्योति सिंह, अनीता चौधरी, गौरव राजपाल, आस्था राजपाल, अक्षय मित्तल, संजीव, गौरव सिंगला, मान सिंह, सुशील सिंगला एवं कपिल मित्तल उपस्थित रहे। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं अन्य सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन केवल भजनों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रेम, शांति, सेवा और मानवीय मूल्यों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में सामूहिक भजन, ध्यान एवं प्रार्थना के माध्यम से विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की जाएगी।

जिला विकास समन्वयक कपिल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भव्य आयोजन 13 मई, बुधवार को सायं 6 बजे राज पैलेस, पेहोवा रोड, कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा। कार्यक्रम के उपरांत रात्रि 8 बजे प्रसादम् की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने सभी नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओं से अपने परिवार और मित्रों सहित कार्यक्रम में पहुंचकर आध्यात्मिक वातावरण का लाभ लेने का आग्रह किया। आयोजन समिति के अनुसार यह संध्या भक्ति, संगीत और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत संगम होगी।

## कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की राष्ट्रीय बैठक संपन्न, शिक्षक हितों के मुद्दों पर बनी रणनीति

» अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र



अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बैठक 9 मई 2026 को जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय प्रधान बसवराज गौरीकर ने की। राज्य प्रवक्ता अमित छाबड़ा एवं प्रेस सचिव सूबे सिंह सुजान ने बताया कि बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिक्षक प्रतिनिधियों ने शिक्षा एवं अध्यापक हितों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नति, समान कार्य के लिए समान वेतन, अध्यापकों पर बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ, एकल अध्यापक विद्यालयों की समस्याएं, रिक्त पदों को भरने, स्थानांतरण नीति, सेवा सुरक्षा तथा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने जैसे मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट मामले पर भी गहन चर्चा हुई। राष्ट्रीय महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पुनर्विचार याचिका स्वीकार कर ली गई है। इसके बावजूद यदि भविष्य में अध्यापक हितों के विरुद्ध कोई प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो संगठन देशभर के शिक्षकों के हित में संयुक्त आंदोलन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगा। बैठक में पुरानी पेंशन योजना तथा नई शिक्षा नीति पर भी गंभीर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू करते समय अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के हितों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यवहारिक और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। संगठन की भविष्य की रणनीति, देशभर के प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं के समाधान तथा संयुक्त आंदोलन एवं कानूनी कार्रवाई की रूपरेखा पर भी सहमति बनाई गई। बैठक में विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर शिक्षक हितों की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव विनोद ठाकरान, राज्य प्रधान तरुण सुहाग, राज्य महासचिव राजेश शर्मा, राज्य कोषाध्यक्ष सुनील यादव तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों सीमा माथुर और निशा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर हरियाणा के प्रत्येक जिले से अध्यक्ष, महासचिव एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। कुरुक्षेत्र जिला कार्यकारिणी, सभी खंड प्रधान एवं उनकी कार्यकारिणी के सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

» राजेश सलूजा




हरियाणा, यूटर्न/ 09 मई। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक विकास को ध्यान में रखते हुए 'ढ्रङ्केङ्कह्ल्लं टील्ल३' ल्ली' ईं & ही' 'ॅल्लं रानी ड्डैङ्क' २' विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों की मानसिक एवं भावनात्मक आवश्यकताओं को समझने तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में नीतू रानी ने शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव एवं व्यवहार में होने वाले बदलावों की पहचान, भावनात्मक रूप से सुरक्षित कक्षाओं के निर्माण, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार तथा शिक्षक आत्म-देखभाल एवं तनाव प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और मानसिक विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। शिक्षकों की संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को नई सोच एवं व्यवहारिक कौशल प्रदान करती हैं, जिससे विद्यालय में स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। विद्यालय प्रधानाचार्य भुवनेश्वर भारद्वाज ने कार्यशाला को सफल बनाने हेतु सभी प्रतिभागियों एवं रिसोर्स पर्सन का धन्यवाद व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थी ही आत्मविश्वास के साथ शिक्षा एवं जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। कार्यशाला में साझा किए गए विचार एवं सुझाव शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी है । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निदेशक डॉ. सतीश भारती ने रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उनका शैक्षणिक विकास।

## समाजसेवा के साथ मनाया जन्मदिन : डायमंड महेंद्र सेतिया ने भेंट किया फ्ढ सिस्टम, किया पौधरोपण

» हरियाणा, यूटर्न/ 09 मई।



अखिल भारतीय सेवा संघ की आन-बान-शान, प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डायमंड रत्न महेंद्र सेतिया ने अपना जन्मदिन समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण और मानवता की मिसाल पेश करते हुए अत्यंत धूमधाम एवं प्रेरणादायक तरीके से मनाया। उनके जन्मदिन के अवसर पर मदन लाल ढींगरा पार्क में अखिल भारतीय सेवा संघ की ओर से आमजन की सुविधा हेतु अत्याधुनिक पानी का फ्ढ सिस्टम प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र सेतिया ने भेंट किया , जिससे पार्क में आने वाले लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। क्षेत्रवासियों ने इस जनहित कार्य की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर डायमंड रत्न महेंद्र सेतिया ने पार्क परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। विशेष बात यह रही कि सेतिया जी अब तक अपने हाथों से तथा अपने निजी खर्च पर लगभग 25 से 26 हजार पौधे लगा चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनका यह समर्पण समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक माना जा रहा है। उनके द्वारा लगाए गए हजारों पौधे आज हरियाली का रूप लेकर लोगों को स्वच्छ वातावरण प्रदान कर रहे हैं। डायमंड रत्न महेंद्र सेतिया लंबे समय से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। वे अनेक बार रक्तदान कर मानवता की सेवा कर चुके हैं और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान और जनहित के कार्यों के कारण वे क्षेत्र में एक सम्मानित एवं लोकप्रिय समाजसेवी के रूप में पहचाने जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महेंद्र सेतिया केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक हैं। उन्होंने हमेशा समाजहित को प्राथमिकता देते हुए, लोगों की सहायता की है और युवाओं को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित किया है।

## फटाफट खबरें

### एयरफोर्स स्टेशन की सुरक्षा दीवार कूदकर अंदर घुसे युवक को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 मई।** डबुआ एयरफोर्स स्टेशन की बाहरी सुरक्षा दीवार लांघकर प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने पर सुरक्षाकर्मियों ने एक युवक को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान डबुआ कॉलोनी के ईडब्ल्यूएस फ्लैट निवासी इरफान अली के रूप में हुई है। एयरफोर्स स्टेशन के सुरक्षा अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर रविंदर छापारिया ने डबुआ थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मई को आरोपी इरफान ने स्टेशन की सुरक्षा दीवार लांघकर परिसर के भीतर प्रवेश किया था। वहां मुस्तैद सुरक्षाकर्मियों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 10-10 रुपये के दो सिक्के और तंबाकू की एक पुड़िया बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी को सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत डबुआ थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद सामान को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू की। पहली शिकायत में तकनीकी रूप से कुछ विसंगतियां होने के कारण पुलिस ने एयरफोर्स के अधिकारियों को सूचित किया था इसके बाद अधिकारियों द्वारा चार मई को थाने में संशोधित और स्पष्ट लिखित शिकायत पत्र दिया। लिखित शिकायत के तथ्यों और प्राथमिक जांच के आधार पर आरोपी इरफान अली के खिलाफ चार मई 2026 को थाना डबुआ में शासकीय गुप्त बात अधिनियम (ऑफिसियल सीक्रेट्स एक्ट) और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है। मामले की आगामी जांच सहायक उप निरीक्षक जसविंदर द्वारा की जा रही है।

### बंद गोदाम में लगी आग, लाखों का केमिकल जला

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 मई।** मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के रजापुर ब्लॉक के नजदीक बंद केमिकल गोदाम में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने 40 मिनट में आग पर काबू पा लिया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के कारोबारी राजेश सिंघल का मेरठ रोड स्थित रजापुर ब्लॉक के नजदीक न्यूपोर फिल्ट्रेशन सिस्टम्स गोदाम है। शुक्रवार को गोदाम बंद था और अंदर कैमिकल से भरे ड्रम रखे थे। करीब दो बजे गोदाम में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। सूचना पर दमकल विभाग की टीम पहुंचीं और आग बुझाना शुरू किया। आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि वैशाली फायर स्टेशन से पानी के टैंकर मंगाने पड़े। गोदाम की ऊंचाई कम होने और गेट पर ताला लगा होने से आग बुझाने के लिए टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। केमिकल के ड्रम अंदर ही फटने से बिल्डिंग भी काफी क्षतिग्रस्त हो गई।

# एसी सर्विस सेंटर में लगी भीषण आग धुंए में दम घुटने से बुजुर्ग की मौत

**सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि पटेलनगर स्थित प्लॉट संख्या 87 पर बने तीन मंजिला भवन में स्थित ओंकार तोमर के एसी सर्विस सेंटर में सुबह तीन बजे आग लगने की सूचना मिली।**



## ढाई करोड़ का नुकसान

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 मई।**

गाजियाबाद के पटेल नगर में घनी आबादी के बीच एयर कंडीशनर सर्विस सेंटर में शनिवार की सुबह तीन बजे आग लग गई। देखते ही देखते आपकी चपेट में तीन मंजिला भवन आ गया। इससे उठे छुएं में दम घुटने से एक वृद्ध की मौत हो गई।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि पटेलनगर स्थित प्लॉट संख्या 87 पर बने तीन मंजिला भवन में स्थित ओंकार तोमर के एसी सर्विस सेंटर में सुबह तीन बजे आग लगने की सूचना मिली। एयर कंडीशन के अंदर भरी जाने वाली गैस के सिलिंडर और कंप्रेसर में ब्लास्ट हुए। इन ब्लास्ट से 3 मंजिला बिल्डिंग में आग फैल गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने चार होज पाइप फैलाकर पंपिंग कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

तीनों तलों पर आग लगने के कारण जहरीला धुआं से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। आग पर काबू पाने के दौरान भवन के भूतल पर एक 80 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला। जिनकी पहचान त्रिलोकी नाथ (80) निवासी पटेल नगर के रूप में हुई। संभावना जताई जा रही है कि धुएं में दम घुटने से वृद्ध की मौत हुई है। एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

### दो कार और पांच बाइक भी जली, ढाई करोड रुपये का नुकसान

सिहानी गेट थाना क्षेत्र के उदलनगर स्थित एयर कंडीशन सर्विस सेंटर में लगी आग के दौरान दो कार और पांच बाइक भी जल गई। हादसे के दौरान सर्विस सेंटर में 14 लोग मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शी राकेश कुमार ने बताया की आग लगने के दौरान भवन का चैनल बंद था और ताला लगा था आग लगने से यहां काम करने वालों में भगदड़ मच गई। हथौड़े से गेट का ताला तोडा और सभी से कुशल बाहर आ गए। एसी में गैस रिफिलिंग करने वाले सिलेंडर एक के बाद एक फटते गए। गेट और खिड़कियों का कांच टूटकर दूर तक बिखरा। जिसकी चपेट में आकर राजू निवासी समस्तीपुर कांच लगने से घायल हो गए। बुजुर्ग त्रिलोकी नाथ अचानक बाहर से कुछ सामान लेने की लिए भवन में घुस गए। जहां जहरीले धुएं की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर पड़े। दमकल विभाग ने दो घंटों में आग पर काबू पाया। आग शांत होने पर अंदर जाकर देखा तो त्रिलोकी नाथ का अधजला शव जमीन पर पड़ा मिला। उधर, सर्विस सेंटर के मालिक ओमकार तोमर ने बताया की करीब ढाई करोड रुपए का नुकसान हुआ है। त्रिलोकीनाथ गांव चिरौड़ी, थाना खांडसा जनपद अयोध्या के रहने वाले थे। वर्षों से वह घनी आबादी के बीच बने सर्विस सेंटर में काम करते थे। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### महिला को झांसे में लेकर ठगों ने कुंडल व अंगूठी निकलवाई

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 मई।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के गरिमा गार्डन स्थित मार्केट गई महिला को झांसे में लेकर ठगों ने कुंडल और अंगूठी निकलवा ली। जेवरात लेकर ठग मौके से भाग गए। ठगी का एहसास होने पर महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से ठगों की तलाश कर रही है। गरिमा गार्डन निवासी रूना झा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छह मई को मार्केट में सामान लेने गई। सामान खरीदने के दौरान युवक रोता हुआ उनके पास आया। रूना ने रोने का कारण पूछा। युवक ने कहा कि वह भूखा है। वह रूना से खाना मांगने लगा। इस दौरान दूसरा युवक भी वहां पहुंच गया। दोनों ने उन्हें बातों में उलझाकर उनके कानों से कुंडल और हाथों से अंगूठियां उतरवा लीं। इसके बाद दोनों वहां से भाग गए।

### शिकायत के बाद निगम ने नाले पर किए अतिक्रमण को हटाया

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 09 मई।** नगर निगम ने शुक्रवार को नीतिखंड एक और शक्तिखंड स्वर्ण जयंती पार्क के पास अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटा दिया। यहां पर कुछ लोगों ने जीडीए के खाली फ्लैटों में झुग्गियां बनाकर अतिक्रमण कर लिया था। इसी के पास नाले पर नहाने के लिए कच्चा अतिक्रमण और शौचालय आदि बना लिए थे। नगर निगम ने इन स्थानों से अतिक्रमण हटा दिया और चेतावनी दी कि यदि फिर से ऐसा किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि स्थानीय निवासी सुदर्शन अवस्थी ने जीडीए और नगर निगम से इसकी शिकायत की है।

## यमुना में बढ़ा अमोनिया स्तर: दिल्ली के 30 फीसदी हिस्सों में गहराया जल संकट; दो संयंत्रों में गिरा उत्पादन

**दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।** राजधानी दिल्ली में गर्मी के बीच जलसंकट और गहराता नजर आ रहा है। यमुना नदी में अमोनिया (एनएच-3) की मात्रा बढ़ने से दिल्ली जल बोर्ड के दो प्रमुख जल शोधन संयंत्रों का उत्पादन करीब 40 से 50 प्रतिशत तक घट गया है। इसका असर नई दिल्ली समेत राजधानी के लगभग 30 प्रतिशत हिस्सों में पड़ा है। इन इलाकों में लोगों को कम दबाव से पानी मिलने लगा है। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार, वजीराबाद पोंड पर यमुना के पानी में अमोनिया की मात्रा 2.8 पीपीएम से अधिक दर्ज की गई है। इसके चलते वजीराबाद और चंद्रावल जल शोधन संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) में पानी शुद्ध करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। तकनीकी कारणों से दोनों संयंत्रों की क्षमता कम करनी पड़ी, जिससे जल उत्पादन लगभग आधा रह गया। अधिकारियों ने कहा कि जब तक यमुना के पानी की गुणवत्ता में सुधार नहीं होता, तब तक कई इलाकों में पानी की सप्लाई कम दबाव पर जारी रहेगी। बोर्ड के मुताबिक, अमोनिया की अधिक मात्रा वाले पानी को शुद्ध करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। यदि ऐसे पानी को पूरी तरह साफ किए बिना सप्लाई किया जाए तो यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। इसी कारण जल बोर्ड को नियंत्रित जलापूर्ति करनी पड़ रही है, ताकि पेयजल की गुणवत्ता से समझौता न हो। वजीराबाद जल शोधन संयंत्र से जुड़े मजनू का टीला, आईएसबीटी, जीपीओ, एनडीएमसी क्षेत्र, आईटीओ, हंस भवन, एलएनजेपी अस्पताल, डिफेंस कॉलोनी, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, राजघाट, आईपी इमरजेंसी, रामलीला मैदान, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, गुलाबी बाग, तिमारपुर, एसएफएस फ्लैट्स, पंजाबी बाग, आजादपुर, शालीमार बाग, वजीरपुर, लॉरेंस रोड, मॉडल टाउन, जहांगीरपुरी, मूलचंद, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, बुराड़ी, कैंटोनमेंट क्षेत्र और चंद्रावल जल शोधन संयंत्र से जुड़े एनडीएमसी क्षेत्र, करोल बाग, झंडेवालान, हिंदूराव, सिविल लाइंस, पटेल नगर, राजेंद्र नगर और शादीपुर जैसे इलाकों में भी जलापूर्ति प्रभावित हो गई है।

# बच्चों की स्कूल डायरी में मिलेगा स्वगणना का होमवर्क

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 मई।**

स्कूल की ओर से बच्चों को डायरी में स्वगणना का होमवर्क दिया जाएगा। घर जाकर बच्चे अपने अभिभावकों से ऑनलाइन स्वगणना कराएंगे। इसे लेकर एडीएम वित्त और जनगणना-2027 के नोडल अधिकारी सौरभ भट्ट ने सभी स्कूल और कॉलेज के प्रधानाचार्य को पत्र लिखा है।

इसमें उन्हें देश के होमवर्क को पूरा करने के लिए कहा गया है। एडीएम ने बताया कि पत्र के जरिये स्कूल के साथ कॉलेज के प्रधानाचार्यों को इस कार्य में योगदान देने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के जुड़ने से कार्य में पूरे परिवार की भागीदारी होगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक स्वगणना की बात पहुंच पाएगी।

स्वगणना को लेकर प्रशासन की ओर से कई समाजसेवियों को लगाया गया है। इसमें कई स्थानों पर



हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों में जयकारों के साथ स्वगणना का कार्य भी पूरा किया जा रहा है। लोग बाजार में शॉपिंग के साथ स्वगणना करवा रहे हैं। बता दें, प्रशासन 14 दिन का विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। इसमें सभी वर्गों को जोड़ा जा रहा है।

### जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं उनकी स्वगणना कैसे ?

स्वगणना में ऐसे भी कई लोग सामने आए हैं, जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं हैं। ऐसे में उन्हें इस प्रक्रिया में दिक्कत आ रही है। इन लोगों की मदद के लिए प्रशासन ने योजना तैयार की है। एडीएम सौरभ भट्ट ने बताया कि इस समस्या को ध्यान में रखकर सभी पंचायत सचिव और अन्य कर्मचारियों को मदद के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आने वाले दिनों में पंचायत घर में जन सुविधा केंद्र के स्टाफ को गांव में भेजकर लोगों की स्वगणना में मदद की जाएगी।

**लोकेशन में आ रही है दिक्कत:** दो दिन हुई स्वगणना में लोकेशन को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रक्रिया में लोकेशन लेने के बाद आगे बढ़ते हैं। जिससे जियो टैगिंग हो सके। लेकिन कई स्थानों पर लोगों को लोकेशन दर्ज करने में दिक्कत हो रही है।

# चार राज्यों में लूटपाट के दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 मई।**

दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा और यूपी के अलग-अलग इलाकों में आपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। शालीमार गार्डन थाना पुलिस की डीएवी कट के पास हुई मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया था। दोनों आरोपियों पर विभिन्न थानों में 42 मुकदमे दर्ज हैं।

एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल को भाटी चौक गणेशपुरी के पास महिला से चेन छीनने का प्रयास करने के दौरान लॉकेट पैंडल लेकर दो बदमाश भाग गए थे। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। पुलिस शुक्रवार तड़के तीन बजे डीएवी कट के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक क्षेत्र




में वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। उसी दौरान वजीराबाद रोड की ओर से बाइक आती दिखाई दी। बाइक पर दो संदिग्ध युवक सवार थे। पुलिस ने बाइक सवार युवकों को रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। पुलिस ने संदेह टीम ने पीछा करने की कोशिश की। पुलिस को पीछा आता देख बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो एक गोली संदिग्ध के पैर में लगी और वह गिर गया। पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने अपनी पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी वरुण और दिल्ली के न्यू मुस्तफाबाद निवासी आमिर उर्फ खन्ना बताई है। मुठभेड़ में वरुण के पैर में गोली लगने से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दिल्ली, पानीपत, सोनीपत, उत्तराखंड और यूपी के अलग-अलग क्षेत्रों में लूटपाट करते हैं। दोनों कार से आते हैं और बाइकों चोरी करके हेलमेट लगाकर राहगीरों से लूटपाट करते हैं। इसके बाद रास्ते में दोनों कार में ही अपने कपड़े बदलकर वापस चले जाते हैं।

**मुठभेड़ में वरुण के पैर में गोली लगने से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दिल्ली, पानीपत, सोनीपत, उत्तराखंड और यूपी के अलग-अलग क्षेत्रों में लूटपाट करते हैं। दोनों कार से आते हैं और बाइकों चोरी करके हेलमेट लगाकर राहगीरों से लूटपाट करते हैं। इसके बाद रास्ते में दोनों कार में ही अपने कपड़े बदलकर वापस चले जाते हैं।**

### पार्किंग में कार करते थे पार्क

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कार से बाइक चोरी के लिए रेकी करते और फिर पार्किंग में कार पार्क करके बाइक चोरी करते थे। इसके बाद लूटपाट को अंजाम देकर बाइक से पार्किंग से कुछ दूरी पर बाइक छोड़कर जाते और कार से भाग जाते थे। आरोपियों के कब्जे से लॉकेट बरामद हुआ।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# रिलायंस समूह से जुड़े मामलों में सीबीआई ने मुंबई के 17 स्थानों पर चलाया तलाशी अभियान

» **मुंबई, यूटर्न/ 09 मई।**

सीबीआई ने शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों-रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कामर्शियल फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन मामलों में मुंबई में 17 परिसरों में तलाशी अभियान चलाया।

सीबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, ये तलाशी अभियान उपरोक्त कंपनियों के निदेशकों के आवासीय परिसरों के साथ-साथ उन मध्यस्थ कंपनियों के कार्यालय परिसरों में चलाए गए, जिनके खातों का उपयोग बैंक फंड की हेराफेरी के लिए किया गया था।



तलाशी अभियान 8 मई को मुंबई स्थित सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर चलाया गया और इसके दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

**सीबीआई के अनुसार, तलाशी के दौरान यह भी सामने आया कि कई मध्यस्थ कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं। मामले की जांच जारी है।**

सीबीआई के अनुसार, तलाशी के दौरान यह भी सामने आया कि कई मध्यस्थ कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं। मामले की जांच जारी है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में सीबीआई ने अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह के खिलाफ विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी द्वारा दर्ज शिकायतों के आधार पर सात मामले दर्ज किए हैं। ये मामले हजारों करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े हैं।

इन मामलों में कथित नुकसान की कुल राशि 27,337 करोड़ रुपये बताई गई है। सीबीआई ने इससे पहले इन मामलों के पंजीकरण के तुरंत बाद पिछले कुछ महीनों में 14 स्थानों पर भी तलाशी अभियान चलाया था।

रिलायंस कम्युनिकेशन के बैंकिंग परिचालन के समग्र प्रभारी रहे डी विश्वनाथ और बैंकिंग संचालन व फंड के उपयोग और भुगतान प्रबंधन में सक्रिय सहयोग देने वाले अनिल कलय को 20 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई के बयान में कहा गया, दोनों आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। समूह से जुड़े मामलों की जांच की निगरानी सुप्रीम कोर्ट द्वारा की जा रही है।

## फटाफट खबरें

### नई टोयोटा फॉर्च्यूनर कीमतों में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।** ग्राहकों को अब नई टोयोटा फॉर्च्यूनर खरीदने के लिए 87 हजार रुपये तक अधिक खर्च करने होंगे। टोयोटा कंपनी ने नई कीमतें सभी वैरिएंट्स पर लागू कर दी गई हैं। भारतीय बाजार में फॉर्च्यूनर पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्पों के साथ उपलब्ध है और इसकी मजबूत रोड प्रेजेंस तथा दमदार परफॉर्मेंस के कारण यह लंबे समय से ग्राहकों की पसंद बनी हुई है। कंपनी ने 2.7 लीटर पेट्रोल और 2.8 लीटर डीजल वैरिएंट्स की कीमतों में 60 हजार रुपये से लेकर 87 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी की है। सबसे अधिक इजाफा जीआर-एस 4 डब्ल्यूडी ऑटोमैटिक वैरिएंट में किया गया है। नई कीमतों के बाद इस एसयूवी की एक्स-शोरूम कीमत अब 34.76 लाख रुपये से शुरू होकर 50.46 लाख रुपये तक पहुंच गई है। फॉर्च्यूनर 4गुणा2 और 4गुणा4 ड्राइवट्रेन विकल्पों में उपलब्ध है। इसी बीच टोयोटा नई जनरेशन फॉर्च्यूनर पर भी तेजी से काम कर रही है। नए मॉडल में अधिक आधुनिक और आक्रामक डिजाइन देखने को मिल सकता है। इसमें नई एलईडी हेडलाइट्स, बड़ी ग्रिल, पैनोरमिक सनरूफ, 12.3 इंच की डिजिटल स्क्रीन, 360 डिग्री कैमरा और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है।

### टाटा मोटर्स ने किया नया अल्ट्रा रेड डार्क एडिशन लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।** अपनी लोकप्रिय एसयूवी हैरियर और सफारी के डीजल वैरिएंट्स में टाटा मोटर्स ने नया अल्ट्रा रेड डार्क एडिशन लॉन्च कर दिया है। यह स्पेशल एडिशन पहले केवल पेट्रोल मॉडल्स तक सीमित था, लेकिन अब डीजल इंजन पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए भी इसे उपलब्ध करा दिया है। कंपनी के इस नए एडिशन को दोनों एसयूवी के टॉप-स्पेक वैरिएंट के रूप में पेश किया गया है, जिससे ग्राहकों को ज्यादा प्रीमियम फीचर्स और आकर्षक डिजाइन का विकल्प मिलेगा। कंपनी ने हैरियर अल्ट्रा डीजल मैनुअल की एक्स-शोरूम कीमत 23.84 लाख रुपये तय की है, जबकि सफारी अल्ट्रा डीजल मैनुअल 7-सीटर वैरिएंट की कीमत 24.49 लाख रुपये रखी गई है। इस नए एडिशन में खास अल्ट्रा रेड एक्सटीरियर फिनिश के साथ डार्क थीम दी गई है, जो एसयूवी को ज्यादा स्पोर्टी और प्रीमियम लुक देती है।

## महाराष्ट्र के प्याज किसानों ने सरकार से की 1500 प्रति क्विंटल सब्सिडी की मांग


» **मुंबई, यूटर्न/ 09 मई।**

महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक किसान कीमतों में भारी गिरावट और उत्पादन लागत में अभूतपूर्व वृद्धि के चलते आर्थिक तबाही का सामना कर रहे हैं। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए 1,500 रुपए प्रति क्विंटल की सब्सिडी देने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो पूरे राज्य में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से प्याज की कीमतें लगातार गिर रही हैं, जबकि बीज, खाद, कीटनाशक, मजदूरी, सिंचाई, बिजली और परिवहन जैसे खर्चों में भारी बढ़ोतरी हुई है। संघ के अनुसार किसान अपनी उत्पादन लागत भी वसूल नहीं पा रहे हैं। संघ ने कई किसानों की आपबीती भी साझा की, जिसमें सोलापुर में एक किसान को 41 बोरी प्याज बेचने के बाद मात्र 519 रुपये का लाभ हुआ, जबकि नासिक में एक किसान को 50 पैसे प्रति किलोग्राम कीमत मिलने पर आत्महत्या का प्रयास करना पड़ा।

## देश भर में पूरी तरह लागू हुए चारों नए लेबर कोड्स

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।**

केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) को पूरी तरह लागू कर दिया है। सरकार ने इनके तहत बनाए गए नियमों को आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इन सुधारों को पहली बार लागू किए जाने के पांच साल से ज्यादा समय बाद अब नया श्रम कानून ढांचा देश भर में पूरी तरह प्रभावी हो गया है। चारों श्रम संहिताएं (वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020) 21 नवंबर 2025 से लागू हो चुकी थीं।



अब नियमों के प्रकाशित होने के बाद देश भर में नई श्रम व्यवस्था पूरी तरह से लागू हो गई है। गौरतलब है कि इन श्रम संहिताओं को 29 पुराने श्रम कानूनों को हटाकर एक सरल और व्यवस्थित ढांचा बनाने के लिए लाया गया था। हालांकि अधिकारियों के अनुसार, पहले कुछ व्यवस्थाएं इसलिए लागू नहीं हो पाई थीं क्योंकि उनसे जुड़े नियम अधिसूचित नहीं किए गए थे। इससे पहले मई में श्रम मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नए श्रम कानूनों के तहत 40 साल और उससे अधिक उम्र के सभी कर्मचारियों के लिए देशव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू किया था। अब 40 वर्ष से ऊपर के सभी कर्मचारियों का हर साल देश भर में मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

डॉ. मंडाविया ने कहा कि चारों श्रम संहिताओं का लागू होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस गारंटी को दर्शाता है, जिसके तहत देश भर के श्रमिकों को सम्मान, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि नए श्रम सुधारों में पुरुष और महिला कर्मचारियों के लिए समान वेतन का प्रावधान किया गया है। साथ ही मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया है।

## सरकार ने महाराष्ट्र के पहले आधुनिक 'फ्यूचर-रेडी' डाकघर का किया उद्घाटन, ग्राहकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।**

एक आधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया है कि नवीनीकृत अंधेरी रेलवे स्टेशन (आरएस) डाकघर का 'जन सेवा कनेक्ट' पहल के तहत 'फ्यूचर-रेडी' पोस्ट ऑफिस के रूप में उद्घाटन किया गया।

संचार मंत्रालय के अनुसार, इस नए और आधुनिक पोस्ट ऑफिस में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, आधुनिक इंटीरियर, ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधाएं, डिजिटल सेवाएं, तेज सेवा प्रणाली और नई ब्रांडिंग जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

'जन सेवा कनेक्ट' इंडिया पोस्ट की एक बड़ी आधुनिकीकरण योजना है, जिसका उद्देश्य डाकघरों को आसान, तेज और डिजिटल सुविधाओं से लैस सामुदायिक सेवा केंद्रों में बदलना है। इस पहल के तहत महाराष्ट्र में करीब 2,000 डाकघरों को आधुनिक बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। अंधेरी आरएस पोस्ट ऑफिस उन 40 डाकघरों में शामिल है, जिन्हें देश के 17 राज्यों में 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' के तौर पर चुना गया है। यह महाराष्ट्र का पहला और देश का दूसरा पोस्ट ऑफिस है, जिसे इस पहल के तहत शुरू किया गया है।

इस पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र




फडणवीस ने किया।

सिंधिया ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधुनिक, भविष्य के अनुरूप और नागरिकों पर केंद्रित डाक व्यवस्था बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

वहीं, फडणवीस ने कहा कि इंडिया पोस्ट लोगों को जोड़ने और अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

देश भर में 1.65 लाख से ज्यादा डाकघरों के नेटवर्क के साथ इंडिया पोस्ट वित्तीय समावेशन और सार्वजनिक सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

विभाग ने वर्ष 2025-26 के दौरान सकल डाक राजस्व में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो इसके आधुनिकीकरण प्रयासों का असर दिखाता है। बयान के अनुसार, 1932 में स्थापित अंधेरी आरएस पोस्ट ऑफिस का नवीनीकरण इंडिया पोस्ट की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत पारंपरिक डाकघरों को आधुनिक, ग्राहक-केंद्रित और तकनीक आधारित सेवा केंद्रों में बदला जा रहा है।

## नई प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी जेटूर टी2 जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।** भारतीय बाजार में जेएसडब्ल्यू मोटर्स कंपनी अपनी नई प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी जेटूर टी2 को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। माना जा रहा है कि कंपनी इसे दिवाली 2026 के आसपास भारतीय बाजार में उतार सकती है। दमदार डिजाइन, लंबी ड्राइविंग रेंज और आधुनिक फीचर्स के कारण यह एसयूवी इन दिनों काफी चर्चा में है। जेटूर टी2 की सबसे बड़ी खासियत इसकी शानदार रेंज है। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी एक बार फुल चार्ज और फुल फ्यूल टैंक के साथ करीब 1200 किलोमीटर तक चल सकती है। इसमें 1.5 लीटर का चार सिलेंडर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जिसे ड्यूल मोटर सेटअप और 26.7 किलोवॉट बैटरी पैक के साथ जोड़ा गया है। यह पावरट्रेन 381 हॉर्सपावर की ताकत और 610 एनएम का टॉर्क पैदा करने में सक्षम होगा। कंपनी के अनुसार यह एसयूवी केवल इलेक्ट्रिक मोड में करीब 139 किलोमीटर तक चल सकती है, जो शहरों में रोजाना उपयोग के लिए काफी उपयोगी मानी जा रही है।

डिजाइन की बात करें तो जेटूर टी2 का लुक काफी हद तक लैंड रोवर डिफेंडर से प्रेरित दिखाई देता है। इसमें बॉक्सी डिजाइन, स्क्वेयर एलईडी हेडलाइट्स, फ्लैट रूफ, बड़े व्हील आर्च और पीछे की तरफ स्पेयर व्हील दिया गया है। 220 मिमी का ग्राउंड क्लीयरेंस इसे खराब और उबड़-खाबड़ रास्तों पर भी चलने में सक्षम बनाता है। इंटीरियर में 15.6 इंच का बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.2 इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 12 स्पीकर वाला सोनी ऑडियो सिस्टम दिया जाएगा। इसमें तीन-स्पीड डेडिकेटेड हाइब्रिड ट्रांसमिशन भी मिलेगा, जिससे बेहतर परफॉर्मेंस और स्मूद ड्राइविंग का अनुभव मिलेगा।

## जल्द लांच हो सकता है नया स्मार्टफोन गैलेक्सी ए27

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।**

दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग अपनी लोकप्रिय गैलेक्सी ए-सीरीज का विस्तार करने की तैयारी में जुटा हुआ है। जल्द ही सैमसंग नया स्मार्टफोन गैलेक्सी ए27 लॉन्च कर सकती है। फोन की आधिकारिक लिस्टिंग सामने आने के बाद इसके कई संभावित फीचर्स और डिजाइन से जुड़ी अहम जानकारियां सामने आई हैं। माना जा रहा है कि यह स्मार्टफोन पिछले साल आए गैलेक्सी ए26 का अपग्रेड वर्जन होगा और खास तौर पर बजट तथा मिड-रेंज ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार सैमसंग की ब्राजील वेबसाइट पर गैलेक्सी ए27



की जानकारी दिखाई दी है, जिससे इसके जल्द बाजार में आने के संकेत मिल रहे हैं। इससे पहले भी कई लीक्स में इसके डिजाइन और स्पेसिफिकेशन की जानकारी सामने आ चुकी है। फोन में होल-पंच डिस्प्ले डिजाइन दिया जा सकता है, जबकि पीछे की तरफ ट्रिपल कैमरा सेटअप देखने को मिल सकता है। इसके अलावा कंपनी का खास 'की आइलैंड' डिजाइन फीचर भी इसमें शामिल होने की संभावना है। कैमरा फीचर्स की बात करें तो इसमें 50 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा मिलने की उम्मीद है।

इसके साथ 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर दिया जा सकता है। वहीं, सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 12 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिलने की संभावना जताई जा रही है। स्मार्टफोन में स्नैपड्रैगन 6 जेनरेशन 3 प्रोसेसर दिया जा सकता है, जो मल्टीटास्किंग, सोशल मीडिया और हल्की गेमिंग के लिए बेहतर प्रदर्शन करेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फोन 6 जीबी रैम और एंड्रॉयड 16 ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ आ सकता है।

## आज का सुविचार

**सफलता उन्हीं को मिलती है, जो हार मानना नहीं जानते**

# जी-20 के बाद फिर हाई-सिक्योरिटी मोड में राजधानी कई विभाग मिलकर इसलिए कर रहे हैं अभूतपूर्व तैयारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।**

देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर वैश्विक कूटनीति और हाई-सिक्योरिटी प्रबंधन का केंद्र बनने जा रही है। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के बाद अब मई और जून में दिल्ली दो बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों, चौथा भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन (आईएएफएस-2026) और पहला इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगी। इन आयोजनों के लिए दिल्ली पुलिस ने अभूतपूर्व सुरक्षा योजना तैयार की है, जिसके तहत राजधानी की सड़कों पर 1157 सफेद एसयूवी सुरक्षा कवच के रूप में तैनात रहेंगी।

दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था में एकरूपता बनाए रखने के लिए इस बार सिर्फ सफेद रंग की एसयूवी स्कॉर्पियो, अर्टिगा और बोलेरो को चुना है। अधिकारियों के अनुसार, एक जैसे रंग और मॉडल की गाड़ियों से सुरक्षा काफिले की पहचान आसान होगी और संचालन में बेहतर समन्वय बनाया जा सकेगा। पूरे ऑपरेशन को तीन हिस्सों में बांटा गया है। सबसे बड़ा हिस्सा सुरक्षा इकाई का होगा, जिसके लिए 870 एसयूवी तैनात की जाएंगी। ये गाड़ियां 17 मई से 2 जून तक विदेशी मेहमानों और वीवीआईपी काफिलों की




सुरक्षा में लगेंगी। वहीं, वीआईपी मूवमेंट के दौरान राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए 239 एसयूवी ट्रैफिक यूनिट को दी जाएंगी। इसके अलावा, आयोजन स्थलों और आसपास के इलाकों की निगरानी के लिए नई दिल्ली जिले को 48 अतिरिक्त गाड़ियां आवंटित की गई हैं।

**ड्राइवरों और वाहनों की निगरानी बहुस्तरीय तरीके से होगी:** इस पूरी व्यवस्था की सबसे अहम कड़ी करीब 2300 ड्राइवर होंगे। दिल्ली पुलिस ने हर गाड़ी के लिए दो ड्राइवर अनिवार्य किए हैं ताकि 24 घंटे निर्बाध ड्यूटी सुनिश्चित की जा सके। ड्राइवरों के लिए साफ वर्दी, अनुशासित व्यवहार और सतर्कता अनिवार्य होगी। सुरक्षा व्यवस्था में शामिल इन ड्राइवरों और वाहनों की निगरानी बहुस्तरीय तरीके से की जाएगी। सभी ड्राइवरों का सत्यापन पहले से किया जाएगा और उनकी पहचान संबंधी रिकॉर्ड दिल्ली पुलिस के पास रहेगा।

ड्यूटी के दौरान उनकी गतिविधियों, तय रूट और समय पालन पर लगातार नजर रखी जाएगी। किसी भी वाहन के निर्धारित मार्ग से हटने, अनुशासनहीनता या संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। वहीं साथ ही ड्यूटी शुरू होने से पहले सभी वाहनों के स्पीडोमीटर दिल्ली पुलिस की तकनीकी टीम द्वारा सील किए जाएंगे, ताकि मूवमेंट का सटीक रिकॉर्ड रखा जा सके। इन गाड़ियों पर दिल्ली पुलिस का आधिकारिक लोगो नहीं होगा, बल्कि केवल ऑन पुलिस ड्यूटी बोर्ड लगाया जाएगा।

### दोनों सम्मेलन हैं बेहद अहम...

इन दोनों सम्मेलनों को भारत की वैश्विक कूटनीतिक और पर्यावरणीय रणनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। भारत-अफ्रीका फोरम जहां अफ्रीकी देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को मजबूत करेगा, वहीं इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस के जरिए भारत वन्यजीव संरक्षण के वैश्विक एजेंडे में अपनी नेतृत्वकारी भूमिका दिखाएगा।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर ड्रीम प्रोजेक्ट के नाम पर 1.80 करोड़ की धोखाधड़ी

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 मई।**

यमुना एक्सप्रेसवे पर ड्रीम प्रोजेक्ट में निवेश के नाम पर बिल्डर और उसके सहयोगियों ने एक व्यक्ति से 1.80 करोड़ रुपये ठग लिए। आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद थाना सेंट्रल पुलिस ने बिल्डर विधुर भारद्वाज, उसकी और अन्य सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। अनंगपुर डेयरी निवासी नितिन चौधरी ने शिकायत में बताया कि 2020 में एक बिचौलिए के माध्यम से उनकी




मुलाकात बिल्डर विधुर भारद्वाज और उसकी पत्नी से हुई थी। आरोपियों ने खुद को एनसीआर का प्रतिष्ठित बिल्डर बताकर सेक्टर-22ए, यमुना एक्सप्रेसवे पर लोटस सिटी प्रोजेक्ट में सस्ते दाम पर प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों के आश्वासन पर भरोसा करते हुए नितिन ने 180 वर्ग गज का प्लॉट खरीदने का सौदा किया।

शिकायत के अनुसार आरोपियों ने प्लॉट ट्रांसफर के नाम पर नितिन से नकद और बैंक के माध्यम से करीब 1.80 करोड़ रुपये ले लिए। इसके बदले उन्हें आवंटन पत्र और बिल्डर क्रेता अनुबंध जैसे दस्तावेज सौंप दिए गए। जब काफी समय बीतने के बाद भी कब्जा नहीं मिला, तो नितिन ने ऑफिस जाकर जांच की। वहां पता चला कि रिकॉर्ड में उनके नाम का कोई प्लॉट ही नहीं है और उन्हें दिए गए दस्तावेज जाली हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि जिस समय यह सौदा किया गया, वह प्रोजेक्ट पहले से ही एनसीएलटी में था। आरोपियों ने उनके फोन उठाने और संपर्क करना बंद कर दिया। इसके साथ ही पीड़ित को सौंपे गए दस्तावेज पर कंपनी के अधिकृत निदेशकों के बजाय विधुर और आरोपी की पत्नी के निजी सहायक गिरिश जोशी ने हस्ताक्षर किए थे। पीड़ित नितिन चौधरी द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय में 28 फरवरी 2026 को शिकायत दी गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑटो की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 मई।** सड़क पर पैदल जा रहे एक बुजुर्ग को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोट आई है। शिवाजी नगर सेक्टर-22 निवासी प्रियंका ने पुलिस को बताया कि सात मई की शाम करीब आठ बजे वह अपने ससुर दिगंबर सिंह के साथ डबुआ मंडी से सब्जी लेकर पैदल अपने घर लौट रही थीं। जब वे दोनों पैदल चलते हुए मदर डेयरी के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक ऑटो चालक ने उनके ससुर को टक्कर मार दी। इस हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद उन्हें ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला कारोबारी से 38.30 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 मई।** इलेक्ट्रिक स्कूटी की आपूर्ति करने के नाम पर एक महिला कारोबारी से 38.30 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ग्रीनफील्ड कॉलोनी निवासी पीड़ित पूजा मिश्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक कंपनी चलाती हैं, जिसका असेंबली प्लांट पल्ला क्षेत्र में है। 14 जनवरी 2026 को उनके पति के पास चित्रांश ई-व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड (छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र) के निदेशक अभिजीत साल्वे का फोन आया। आरोपी ने बताया कि उसके पास इलेक्ट्रिक स्कूटी के छह कंटेनर तैयार हैं जो किसी अन्य ग्राहक के मना करने के बाद खाली पड़े हैं। एक कंटेनर में करीब 160 इलेक्ट्रिक स्कूटी होती हैं। आरोपी ने पीड़ित से इन्हें खरीदने का आग्रह किया और 18 जनवरी को एक प्रोफॉर्मा इनवॉइस भी जारी कर दिया। आरोपी के झांसे में आकर पीड़ित ने सात फरवरी को आरोपी की कंपनी के खाते में पहले कंटेनर के लिए 22 लाख 40 हजार रुपये का भुगतान किया, जिसकी आपूर्ति उन्हें मिल गई। इसके बाद आरोपी ने दो और कंटेनर लेने का दबाव बनाया। पीड़ित ने भरोसा करते हुए 10 फरवरी को 15 लाख और 23 फरवरी को 23 लाख 30 हजार रुपये का बकाया भुगतान भी कर दिया। कुल 38.30 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त करने के बाद भी आरोपी ने स्कूटी की आपूर्ति नहीं की और टालमटोल कर अपना फोन बंद कर लिया। पीड़ित द्वारा 12 मार्च 2026 को पुलिस में शिकायत दी गई।

## गाड़ी में टक्कर मारने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 मई।**

चंदेला चौक के पास एक मई को सड़क पर खड़ी गाड़ी में टक्कर मारने का विरोध करने पर आरोपियों ने अपने साथियों को बुलाकर एक युवक के साथ जमकर मारपीट की। भतौला गांव निवासी पीड़ित अक्कू उर्फ वीरेंद्र ने थाना खेड़ीपुल में शिकायत देकर बताया कि उनकी गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान एक अस्थायी नंबर वाली गाड़ी ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर की आवाज सुनकर जब वह बाहर पहुंचे और कार सवार दो आरोपियों ने उनके साथ बदतमीजी और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर कार सवार युवकों ने फोन करके अपने सात-आठ साथियों को



मौके पर बुला लिया, जिसमें तिगांव निवासी टिंकू, धीरज और मुजअही निवासी सोनू शामिल थे। पीड़ित ने अपनी शिकायत में आरोपियों पर घर में घुसकर लाठी-डंडों व हथियार से हमला करने और सोने की चेन व कान की बाली छीनने का भी आरोप लगाया था।

# पांच बदमाशों ने हाईवे पर लूटी थी कैश वैन, छह माह की रेकी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 मई।**

क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में हाइवे पर खड़ी कैश वैन की लूट को मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद के पांच बदमाशों ने अंजाम दिया था। दो बदमाश घटनास्थल से करीब 15 किमी दूर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कार में एंगल ग्लाइंडर, बोल्ट कटर और हथियारों से लैस खड़े थे।

कैश वैन के पहुंचते ही बदमाशों ने एंगल ग्लाइंडर व बोल्ट कटर से वैन के ताले व जाल को काटा और नकदी से भरा बॉक्स कार में लेकर डीएमई से भोजपुर कट होते हुए चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग की ओर भाग गए। क्राइम ब्रांच की जांच में यह बात सामने आई है। टीम ने पांचों बदमाशों की पहचान कर ली है।

छह मई की दोपहर एक बजे जैसे ही कैश वैन से दो कैशियर एक सुरक्षाकर्मी कृष्णा मार्केट में इंडिया वन के एटीएम को रिफिल करने के लिए दो लाख रुपये लेकर निकले। उसके चार मिनट बाद बदमाशों ने एनएच-नौ पर खड़ी कैश वैन के चालक को गन प्वाइंट पर लेकर नीचे फेंक दिया। फिल्मी स्टाइल में तमंचे से एक फायर किया और कैश वैन



लेकर पुलिस को भ्रमित करने के लिए पहले नोएडा की ओर भागे। करीब 800 मीटर कैश वैन दौड़ाने के बाद बदमाशों ने विजयनगर तिराहे से यू टर्न लिया और वैन डीएमई पर दौड़ा दी। करीब सात-आठ मिनट में वह कुशलिया गांव के सामने डीएमई पर पहुंचे। जहां बलेनो कार में सवार उनके दो साथी एंगल ग्लाइंडर और बोल्ट कटर लेकर मिले।

चार बदमाशों ने कैश वैन के जाल और तालों को काटा और कैश से भरा बॉक्स बलेनो कार में रख लिया। इसके बाद कैश वैन को डीएमई पर ही छोड़ दिया। खुद कार में सवार होकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस से भोजपुर कट होते हुए चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग की ओर भाग गए।

## हर महीने एक लाख रुपये कमाने का लगातार दबाव बना रहा था पति

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 मई।** बुधवार को सेक्टर-88 स्थित एसआरएस रेजिडेंसी में चौथी मंजिल से कूदकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर रिचा तनेजा की मौत के मामले में नया और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मृतक के जीजा संजय खन्ना ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते दावा किया है रिचा ने आत्महत्या का कदम ससुराल वालों की मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से परेशान होकर उठाया है।

परिजनों के अनुसार रिचा तनेजा पेशे से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं और करीब एक लाख रुपये महीना कमाती थीं। परिजनों का आरोप है कि कुछ समय पहले बीमारी के कारण जब रिचा को अपनी नौकरी छोड़नी पड़ी, तो उसके बाद से ही ससुराल वालों का रवैया पूरी तरह बदल गया। जीजा संजय खन्ना ने आरोप लगाया कि रिचा का पति राहुल गोयल उस पर दोबारा नौकरी जॉइन कर हर महीने एक लाख रुपये कमाने का लगातार दबाव बना रहा था। मृतक के परिजनों ने पति राहुल गोयल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह सट्टेबाजी का आदी है। वह रिचा से अब तक करीब 20 लाख रुपये ऐंठ चुका था। यही नहीं, आरोपियों की नजर रिचा के म्यूचुअल फंड में जमा करीब आठ लाख रुपये पर भी थी, जिसे वे जबरन हड़पने की कोशिश कर रहे थे।

## इंस्टा पर मैसेज करने पर 10वीं के छात्र को सात-आठ युवकों ने पीटा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 मई।** इंस्टा पर केवल हाय संदेश भेजने के विवाद में एक नाबालिग छात्र को सात-आठ युवकों ने पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें कुछ युवक एक लड़के को घेरकर लात-घूंसों से पीटते दिख रहे हैं। पीड़ित छात्र सेक्टर-48 के पी-ब्लॉक में रहता है।

बृहस्पतिवार देर शाम छात्र ने इंस्टा पर किसी को हाय लिख दिया था। आरोप है कि इलाके के ही एक युवक ने बातचीत के दौरान छात्र को मिलने के बहाने गली में बुलाया। वहां पहले से घात लगाकर बैठे सात-आठ युवकों ने उसे घेरकर पीटना शुरू कर दिया और बाद में भाग गए। छात्र के पिता ने दी शिकायत में बताया कि मारपीट की वजह इंस्टा पर किसी लड़की से बातचीत का विवाद है। हमलावरों में से एक आरोपी उस लड़की का परिचित है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



लंदन में आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल के दौरान, रोमानिया और फ्रांस के बीच महिलाओं की टीम के क्वार्टर फाइनल मैच में, फ्रांस की युआन जिया नान के खिलाफ सिंगल्स मैच में जीत का जश्न मनाती रोमानिया की बनार्डेट स्जोक्स।

# वैभव टेस्ट क्रिकेट खेलने का भी प्रयास करें : पुजारा

» मुम्बई, यूटर्न/ 09 मई।



पूर्व टेस्ट क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने आईपीएल 2026 में अच्छे प्रदर्शन के लिए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। पुजारा ने हालांकि ये भी कहा कि वैभव को केवल टी20 प्रारुप तक सीमित न रहते हुए अवसर मिलने पर टेस्ट क्रिकेट खेलने का भी प्रयास करना चाहिये। पुजारा के अनुसार टेस्ट क्रिकेट में ही किसी खिलाड़ी के खेल कौशल की परीक्षा होती है। इसके अलवा लंबे प्रारुप में खेलकर वह खेल के प्रति सम्मान प्रकट कर सकते हैं। इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से वैभव अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने 10 पारियों में कुल 404 रन बनाए हैं, जिसके कारण प्रशंसकों और विशेषज्ञों द्वारा उन्हें जल्द से जल्द भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल करने की मांग तेज हो गई है। वहीं

पुजारा ने कहा कि वैभव टी20 क्रिकेट में असाधारण प्रदर्शन कर रहे हैं और भविष्य में उन्हें भारतीय टीम में जगह मिलने की पूरी संभावना है पर अगर उनमें क्षमता है और उसे सही मौका मिलता है, तो उसे निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलने का लक्ष्य रखना चाहिए। पुजारा ने जोर देकर कहा कि टेस्ट प्रारूप ही खिलाड़ी में धैर्य, अद्वितीय कौशल और खेल के प्रति उस सम्मान को विकसित करता है, जिसकी हर युवा क्रिकेटर को आकांक्षा करनी चाहिए। उनके अनुसार, हर युवा खिलाड़ी के मन में टेस्ट क्रिकेट का ख्याल जरूर होना चाहिए। पुजारा ने हालांकि यह भी कहा कि बेशक टेस्ट क्रिकेट को खेल का सर्वोच्च प्रारूप माना जाता है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि सफेद गेंद के विशेषज्ञ खिलाड़ियों में क्षमता नहीं होती। उन्होंने सुझाव दिया कि वैभव सूर्यवंशी और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों का उपयोग उनकी क्षमताओं के अनुसार ही किया जाना चाहिए। पुजारा ने इस विचार का भी समर्थन किया कि विभिन्न प्रारूपों के लिए अलग-अलग खिलाड़ी होने चाहिए, क्योंकि हर खिलाड़ी की ताकत और खेल शैली अलग होती है।

## काइली जेनर समेत कई दिग्गजों के लाखों फॉलोअर्स घटे

### इंस्टाग्राम के फर्जी अकाउंट्स पर चली कैंची

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 09 मई।** सोशल मीडिया की दुनिया के सबसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म्स में से एक, इंस्टाग्राम ने साल 2026 में पारदर्शिता और प्रामाणिकता की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा कदम उठाया है। प्लेटफॉर्म पर लगातार बढ़ती फर्जी अकाउंट्स और बॉट्स की समस्या से निपटने के लिए कंपनी ने एक व्यापक सफाई अभियान चलाया है। इस कार्रवाई के तहत उन लाखों अकाउंट्स को हटा दिया गया है जो या तो लंबे समय से निष्क्रिय (इनएक्टिव) थे या फिर जो पूरी तरह से फर्जी और ऑटोमेटेड बॉट्स की श्रेणी में आते थे। इस सफाई अभियान का सबसे चौंकाने वाला प्रभाव अमेरिकी इन्फ्लुएंसर और मशहूर एंटरप्रेन्योर काइली जेनर के प्रोफाइल पर देखने को मिला।

इंस्टाग्राम के इस अचानक लिए गए फैसले ने पूरी दुनिया के सोशल मीडिया जगत में हलचल मचा दी है, क्योंकि इसका सीधा असर बड़े सेलिब्रिटीज, इन्फ्लुएंसर्स और वैश्विक ब्रांड्स की फॉलोअर संख्या पर पड़ा है। प्राप्त रिपोर्ट्स के अनुसार, इस कार्रवाई के बाद काइली जेनर के इंस्टाग्राम अकाउंट से रातों-रात करीब 14 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स कम हो गए। यह गिरावट इतनी बड़ी थी कि इसने डिजिटल मार्केटिंग और सोशल मीडिया विशेषज्ञों को भी हैरान कर दिया। काइली के अलावा कई अन्य बड़े क्रिएटर्स और सार्वजनिक हस्तियों के फॉलोअर्स की संख्या में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे यह साफ हो गया है कि इंस्टाग्राम अब अपने प्लेटफॉर्म पर आर्टिफिशियल एंगेजमेंट के लिए कोई जगह नहीं छोड़ना चाहता।

## सात्विकसाईराज सहित कई बैडमिंन खिलाड़ी पहचान नहीं मिलने से है निराश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।



भारत में अभी तक क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों के स्टार खिलाड़ियों को पहचान नहीं मिली है। यह आवाज शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भी उठाई है। इन खिलाड़ियों का कहना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के बाद भी उन्हें वह सम्मान नहीं मिल रहा जो मिलना चाहिये था। थॉमस कप विजेता युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय का कहना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के बाद भी उन्हें कोई पहचानता तक नहीं है। जिससे उनको निराशा का अनुभव होता है। इन खिलाड़ियों के अनुसार जब वह थॉमस कप जीतने जीतकर वापस आये तो भी किसी ने उनपर ध्यान नहीं दिया। सात्विकसाईराज ने कहा कि जर्मनी से वापसी लौटी टीम के लिए हैदराबाद सवाई अड्डे पर कोई नहीं था। यहां तक कि किसी ने भी उन्हें पहचाना नहीं और न ही जीत के बारे में पूछा। सभी का व्यवहार अजनबी जैसा था। जब वह उतरे तो सभी अपने-अपने काम करते रहे। इससे उन्हें उपेक्षा का अनुभव हुआ। इससे अंदाजा होता है कि कि राष्ट्रीय स्तर की खेल उपलब्धियों को भी लोग नहीं जानते। एक अन्य खिलाड़ी चिराग शेट्टी भी इससे सहमत दिखे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को किसी भव्य स्वागत की उम्मीद नहीं रहती पर कम से कम उनके प्रदर्शन और कड़ी मेहनत की सराहना तो होनी चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि सरकार और खेल संस्थाएं अपने स्तर पर प्रयास कर रही हैं, लेकिन देश में एक व्यापक खेल संस्कृति और जागरूकता की कमी अब भी साफ नजर आती है, जिसके कारण अन्य खेलों के मुकाबले बैडमिंटन जैसी उपलब्धियों को कम आंका जाता है।

# बॉलीवुड में ग्लेमर का तड़का



KHUSHI MUKHERJEE



ESHA GUPTA

## फटाफट खबरें

### जापान में जनवरी से अब तक खसरे के 400 से अधिक मामले सामने आए

**टोक्यो, यूटर्न/ 09 मई।** जापान में जनवरी से अब तक खसरे (मीजल्स) के 400 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। देश की एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्था ने यह जानकारी दी। जापान इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ सिक्योरिटी के अनुसार, देशभर के चिकित्सा संस्थानों ने 26 अप्रैल तक के सप्ताह में खसरे (मीजल्स) के 68 नए मामलों की सूचना दी, जिससे इस वर्ष कुल मामलों की संख्या बढ़कर 436 हो गई। तुलना करें तो पिछले वर्ष इसी अवधि में 96 मामले दर्ज किए गए थे जबकि वर्ष 2025 में पूरे साल के दौरान कुल 265 मामले सामने आए थे। टोक्यो में अकेले इस वर्ष 211 मामले दर्ज किए गए हैं, जो कुल राष्ट्रीय मामलों का लगभग आधा हिस्सा है। पड़ोसी प्रांतों कनागवा, चीबा और साइतामा को शामिल करने पर ग्रेटर टोक्यो महानगरीय क्षेत्र में कुल 300 से अधिक मामले सामने आए हैं। संस्थान द्वारा अप्रैल के अंत में जारी एक नोटिस में कहा गया कि इस वर्ष जापान में खसरे के अधिकांश मरीज किशोर और 20 वर्ष की आयु वर्ग के लोग थे।

### अमेरिका ने एआई पहुंच को दिया बढ़ावा, सुरक्षा जोखिमों पर जताई चिंता

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 09 मई।** अमेरिका चाहता है कि भारत समेत दक्षिण और मध्य एशिया के देशों को दुनिया की बेहतरीन तकनीक मिले और वे किसी विरोधी देश पर निर्भर न रहें। इसी दिशा में अमेरिका भारत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहयोग को तेजी से बढ़ा रहा है। यह बात अमेरिका के विदेशी विभाग अधिकारी ने कही है। अमेरिकी विदेश विभाग उप सहायक सचिव बेथानी मॉरिसन ने यूएस-इंडिया एआई एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीक का फायदा सीधे लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि क्षेत्र के देशों को उच्च स्तर की तकनीक मिले और उसका इस्तेमाल समाज के विकास और लोगों के बेहतर जीवन के लिए हो। मॉरिसन ने कहा कि एआई बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसलिए इसके इस्तेमाल के लिए स्पष्ट नियम और सुरक्षा व्यवस्था भी जरूरी है।

### भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने 'सभी के लिए एआई' विजन का किया समर्थन

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 09 मई।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने यूएस-भारत एआई और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी फोरम में कहा कि भारत, अमेरिका के साथ तकनीकी सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ एआई के लोकतंत्रीकरण पर जोर दे रहा है। यहां एक कार्यक्रम में बोलते हुए क्वात्रा ने कहा कि भारत में हाल ही में आयोजित एआई समिट ने वैश्विक नेताओं, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत को एक मंच पर लाकर साझा विजन तैयार किया। उन्होंने कहा, 'आखिरकार इसका उद्देश्य एआई का लोकतंत्रीकरण था।' उन्होंने इस विचार को एआई के परिणामों तक अधिक पहुंच के रूप में समझाया। उन्होंने कहा, 'अगर इस तकनीक का अंतिम उत्पाद इंटेलिजेंस है, तो उस इंटेलिजेंस का प्रसार लोगों के फायदे के लिए लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए।' क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण साफ है कि एआई हर किसी के लिए होना चाहिए।

# त्रिनिदाद और टोबैगो में विदेश मंत्री जयशंकर

## क्रिकेट, फगुवा और सांस्कृतिक रिश्तों को बताया दोनों देशों की ताकत

» **पोर्ट ऑफ स्पेन, यूटर्न/ 09 मई।**





त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर का वहां गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और क्रिकेट संबंधों को बेहद खास बताया।

8 मई को हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने त्रिनिदाद एंड टोबैगो के विदेश और कैरिकॉम (कैरेबियन कम्युनिटी एंड कॉमन मार्केट) के मंत्री सीन सोबर्स, उनकी सरकार और विदेश मंत्रालय का सम्मान और आतिथ्य के लिए आभार जताया।

विदेश मंत्रालय ने विदेश मंत्री के 9 मई को रिलीज जारी कर उनके संबोधन की प्रमुख बातें साझा कीं। भारत के विदेश मंत्री ने मंच से कहा कि भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के रिश्ते साझा इतिहास, उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष और क्रिकेट के मजबूत बंधन पर आधारित हैं। दोनों देशों के लोगों के खानपान, पहनावे, परंपराओं और त्योहारों में काफी समानताएं हैं।

जयशंकर ने आगे कहा कि त्रिनिदाद एंड टोबैगो में दीपावली, फगुवा और ईद जैसे त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाए जाते हैं, जबकि भारतीय संगीत, नृत्य, टीवी धारावाहिक और फिल्में भी यहां काफी लोकप्रिय हैं।

उन्होंने विशेष रूप से क्रिकेट का जिक्र करते हुए कहा कि 'भारतीय हमेशा से वेस्ट इंडीज के क्रिकेटरों के बड़े प्रशंसक रहे हैं। महान क्रिकेटर ब्रायन लारा भारत में काफी लोकप्रिय हैं और उन्हें बेहद सम्मान भी प्राप्त है। वर्तमान वेस्ट इंडीज खिलाड़ी भी भारत में काफी पसंद किए जाते हैं। सुनील नारायण, किरोन पोलार्ड और निकोलस पूरन के लोग कायल हैं। आईपीएल में सुनील नारायण का प्रदर्शन भी शानदार रहता है।'

त्रिनिदाद एंड टोबैगो की तीसरी यात्रा को उन्होंने उत्साहजनक करार दिया। साथ ही उन्होंने स्थानीय संस्कृति को करीब से देखने की इच्छा भी जाहिर की।

विदेश मंत्री 2-10 मई 2026 तक जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद और टोबैगो के आधिकारिक दौरे पर हैं। गिरमिटिया समुदायों की मौजूदगी की वजह से इन देशों का भारत के साथ एक खास कनेक्शन रहा है। नौ दिवसीय दौरे का मकसद इन देशों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करना है।

# व्हाइट हाउस के कार्यक्रम में शांति और एकता के लिए हुई हिंदू प्रार्थना

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 09 मई।**



व्हाइट हाउस में आयोजित 'नेशनल डे ऑफ प्रेयर' कार्यक्रम के दौरान हिंदू धर्म की परंपरा के अनुसार शांति और एकता के लिए प्रार्थना की गई। अमेरिका अपनी आजादी के 250वें वर्ष की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में इस कार्यक्रम में धार्मिक विविधता की झलक देखने को मिली। बीएपीएस (बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था) के एक स्वयंसेवक ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और हिंदू परंपरा के अनुसार प्रार्थना की। प्रार्थना शुरू करते हुए स्वयंसेवक ने कहा, 'मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि कृपया अपनी आंखें बंद करें और हाथ जोड़ें।'

इसके बाद उन्होंने बार-बार शांति मंत्र का उच्चारण किया। इस प्रार्थना में पूरे संसार में शांति की कामना की गई। वक्ता ने कहा, 'आकाश और अंतरिक्ष में शांति हो। धरती, जल और सभी जीवों में शांति बनी रहे। प्रकृति और पर्यावरण में शांति हो। स्वर्ग की शांति पूरे ब्रह्मांड में फैल जाए।' उन्होंने लोगों के व्यक्तिगत जीवन के लिए भी शांति की प्रार्थना की और कहा, 'हम सभी को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शांति मिले।'

अंत में वक्ता ने संस्था की ओर से इस अवसर के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'पूरे बीएपीएस समुदाय, न्यू जर्सी के रॉबिन्सविल स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम और हमारे गुरु, गुरु हरि मोहन स्वामी महाराज की ओर से हम इस अवसर के लिए आपका धन्यवाद करते हैं।'

सोशल मीडिया पर बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा कि व्हाइट हाउस में आयोजित 'नेशनल डे ऑफ प्रेयर' कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें सम्मान महसूस हुआ। संस्था ने कहा कि ऐसे अवसर हमें याद दिलाते हैं कि आस्था, सेवा और साझा मूल्य समाज को मजबूत बनाते हैं। इससे पहले 'नेशनल डे ऑफ प्रेयर' पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने संदेश में कहा, 'आज हम अमेरिका की प्रार्थना, आस्था और ईश्वर में विश्वास की पुरानी परंपरा का सम्मान करते हैं।'

# तुर्किए के यूएन दूत ने फिलिस्तीन में इजरायल के 'औपनिवेशीकरण उपायों' की आलोचना की

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 मई।**



संयुक्त राष्ट्र में तुर्किए के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत अहमत यिल्डिज ने वेस्ट बैंक समेत फिलिस्तीनी इलाकों में इजरायल के 'औपनिवेशीकरण' के तरीकों की बुराई की और कहा कि उसके गैर-कानूनी कामों को रोका जाना चाहिए।

यिल्डिज ने वेस्ट बैंक और ईस्ट येरुशलम पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अरिया-फॉर्मूला मीटिंग के दौरान ओआईसी ग्रुप के चेयरमैन के तौर पर ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन ग्रुप का बयान दिया। यह मीटिंग डेनमार्क, फ्रांस, ग्रीस, लातविया और ब्रिटेन के स्थायी मिशन के प्रस्ताव पर हुई थी। यिल्डिज ने फिलिस्तीनी इलाकों में इजरायल की गैर-कानूनी कार्रवाइयों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल के 'फिलिस्तीन के लोगों, अधिकारों, जमीन, सुरक्षा और सम्मान पर लगातार हमलों' की वजह से इस मुद्दे की असली वजहों को सुलझाना बहुत जरूरी हो गया है।

यिल्डिज ने यूएनएससी के प्रस्ताव 2803 और 2334 के साथ-साथ कई दूसरे जरूरी यूएन प्रस्तावों को याद करते हुए कहा कि वे उन बुनियादी मुद्दों को सुलझाते हैं जिन्हें उन्होंने लंबे समय से चल रहे अन्याय के तौर पर बताया। यिल्डिज ने कहा, 'हम सभी औपनिवेशीकरण के तरीकों की निंदा करते हैं, जिसमें फिलिस्तीनी घरों पर कब्जा करना और उन्हें गिराना और फिलिस्तीनी परिवारों को निकालना शामिल है। ऐसे गैर-कानूनी कामों को रोकना होगा।'

# बांग्लादेश ने तीस्ता नदी पुनर्स्थापन परियोजना में चीन की भागीदारी व समर्थन मांगा

### ढाका ने चीन को इस परियोजना में शामिल कर भारत की बढ़ाई चिंता

» **ढाका, यूटर्न/ 09 मई।**



भारत और बांग्लादेश के बीच लंबे समय से अटके तीस्ता जल बंटवारा समझौते के बीच अब ढाका की नई सरकार ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ा दी है। बीएनपी के नेता और तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने तीस्ता नदी पुनर्स्थापन परियोजना में चीन की भागीदारी और समर्थन मांगा है। इसे भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिहाज से बड़ा रणनीतिक संकेत माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश लंबे समय से भारत पर 2011 के तीस्ता जल बंटवारा समझौते को लागू करने का दबाव बनाता रहा है। यह समझौता अब तक लागू नहीं हो पाया है। इसकी सबसे बड़ी वजह पश्चिम बंगाल सरकार और केंद्र के बीच सहमति का अभाव रहा। उस समय पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस समझौते पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब बांग्लादेश में यह उम्मीद जताई जा रही है कि पश्चिम बंगाल के नेतृत्व में बदलाव और केंद्र में बीजेपी की मजबूत स्थिति के चलते तीस्ता समझौते पर फिर से बातचीत शुरू हो सकती है, लेकिन इसी बीच ढाका द्वारा चीन को इस परियोजना में शामिल करने की कोशिश ने पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ दे दिया है।

बता दें चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बुधवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान के साथ बैठक के बाद कहा कि चीन बांग्लादेश की नई सरकार को स्थिरता बनाए रखने, आर्थिक विकास को गति देने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार के प्रयासों में समर्थन देता है। बैठक में दोनों देशों के बीच तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और पुनर्स्थापन परियोजना पर भी चर्चा हुई। यह परियोजना बांग्लादेश के लिए बेहद अहम मानी जा रही है। तीस्ता नदी भारत के सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होकर बांग्लादेश में प्रवेश करती है। ढाका इस परियोजना के जरिए नदी की ड्रेजिंग, तटबंध निर्माण और जल प्रबंधन को बेहतर बनाना चाहता है, ताकि बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *